an>

Title: Need to extend Ahmedabad-Vadodara highway up to Mumbai.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) **: माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा देश में सर्वप्रथम अहमदाबाद वडोदरा एक्सप्रेस बनाया गया था। उसको एन.एच.डी.पी. फेज-6 में नवंबर, 2006 में समावेश किया गया है। वित्तीय वर्ष 2006-07 सामान्य बजट के भाषण में माननीय वित्त मंत्री द्वारा वडोदरा से मुम्बई तक बनाया जाएगा, ऐसी घोषणा की गई थी और उसके निर्माण का कार्य 'नेशनल हाइवे अथारिटी ऑफ इण्डिया' को दिया गया है। वर्तमान परिस्थिति के मुताबिक उनका प्राथमिक प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया गया है और भूमि अधिग्रहण का काम भी शुरू कर दिया गया है। वर्तमान नेशनल हाइवे नं. 48 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 8) अहमदाबाद-मुम्बई देश में सबसे ज्यादा यातायात घनत्व वाला हाइवे है। आर्थिक दृष्टि से पूर्ण सुगम रास्ता उपभोक्ताओं के लिए अत्यन्त जरूरी है। इस प्रकार का प्रथम मर्यादित प्रवेश वाला एक्सप्रेस हाइवे वर्तमान समय में अहमदाबाद और वडोदरा के बीच योग्य लगता है लेकिन यदि उसको भारत की आर्थिक राजधानी मुम्बई तक उचित समय में जोड़ा न गया तो उससे मिलने वाले लाभों में विलम्ब हो जाएगा। गुजरात सरकार ने इसके तहत केन्द्र सरकार के साथ कई बार पत्राचार किया है।**

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री से आग्रह है कि इस प्रोजेक्ट के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाए।